दिनांक : 13.12.2025 समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को जॉर्डन समेत तीन देशों की यात्रा पर जाएंगे।
- मात्र दो वर्ष के अल्प कार्यकाल में राज्य सरकार ने प्रदेश के विकास का परिदृश्य बदला, कहा- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव न।
- मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली के मध्य प्रदेश भवन परिसर में मध्य प्रदेश उत्सव का भोपाल से वर्चुअली किया शुभारंभ।
- प्रदेश में ठंड का असर बरकरार। कल भोपाल, सीहोर, राजगढ़ इंदौर और शाजापुर जिलों में शीतलहर की चेतावनी।

--------------

प्रधानमंत्री यात्रा - विदेश मंत्रालय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा पर रवाना होंगे। नई दिल्ली में कल विदेश मंत्रालय की दक्षिण मामलों की सचिव नीना मल्होत्रा ने बताया कि श्री मोदी अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन के निमंत्रण पर 15 से 16 दिसम्बर तक जॉर्डन की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की जॉर्डन की यह पहली यात्रा है। यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75वें वर्ष के अवसर पर हो रही है। डॉ. मल्होत्रा ने कहा कि भारत और जॉर्डन के बीच मजबूत आर्थिक संबंध हैं। उन्होंने कहा कि भारत जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार भी है। यात्रा के दूसरे चरण में श्री मोदी 16 दिसम्बर को इथियोपिया जाएंगे। यात्रा के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री 17 दिसंबर को ओमान जायेंगे।

अमित शाह-सावरकर

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर को कल भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। सावरकार की कविता संग्रह के एक सौ 15 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अंडमान निकोबार द्वीप के श्रीविजयपुरम में आयोजित समारोह में श्री शाह ने कहा कि सावरकार की विचारधारा का प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए और बच्चों के साथ इसे साझा किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा वीर सावरकर की प्रतिमा के अनावरण का उल्लेख करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह प्रतिमा मातृभूमि के प्रति उनके त्याग, बलिदान, संकल्प और समर्पण का प्रतीक है।

चुनाव आयोग-विशेष मतदाता सूची पर्यवेक्षक

निर्वाचन आयोग ने आठ प्रमुख राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण - एसआईआर की निगरानी के लिए विशेष मतदाता सूची पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। पर्यवेक्षकों को पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में तैनात किया गया है। आयोग ने कहा कि पर्यवेक्षकों ने अपना काम शुरू कर दिया है। यह पर्यवेक्षक फरवरी 2026 में अंतिम मतदाता सूचियों के प्रकाशन तक इन राज्यों में उपस्थित रहेंगे। संशोधन प्रक्रिया का सुचारू संचालन और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने का उनका दायित्व होगा। विशेष मतदाता सूची पर्यवेक्षक राज्य और जिला स्तर पर राजनीतिक दलों से मिलकर उनके विचार सुनेंगे और संशोधन प्रक्रिया से संबंधित समस्याओं का समाधान करेंगे।

सीएम-कार्यकाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मात्र दो वर्ष के अल्प कार्यकाल में राज्य सरकार ने प्रदेश के विकास का परिदृश्य बदल दिया है। प्रदेश में हुआ विकास अद्भुत और अकल्पनीय है। दो साल में ही प्रदेश दशकों से चली आ रही नक्सलवाद की समस्या से पूरी तरह मुक्त हो गया है। इससे प्रदेश के विकास की एक बड़ी बाधा दूर हो गई है। नक्सलवादियों के एमएमसी जोन (महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) 42 दिन में 42 नक्सलवादियों ने समर्पण कर विकास की धारा से जुड़कर जीवन को चुना है।

बाइट- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव

सम्राट विक्रमादित्य प्रवेश द्वार-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आज प्रदेश की गौरवशाली अतीत और समृद्ध संस्कृति से जुड़ी पहल के तहत सम्राट विक्रमादित्य प्रवेश द्वार और पीएम ई-बस सेवा योजनांतर्गत अत्याधुनिक ई-बस डिपो का भूमि-पूजन करेंगे। कार्यक्रम राजधानी भोपाल फंदा में प्रातः 11 बजे महाराणा प्रताप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होगा। सम्राट विक्रमादित्य प्रवेश द्वार के माध्यम से मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक शहरी विकास से जोड़ने का संदेश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि “विरासत के साथ विकास” की भावना को साकार करता यह प्रवेश द्वार आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

मध्यप्रदेश उत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार, केन्द्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली के मध्यप्रदेश भवन परिसर में 3 दिवसीय मध्यप्रदेश उत्सव का कल भोपाल से वर्चुअली शुभारंभ करने के बाद मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने सभी को प्रदेश में आमंत्रित करते हुए कहा कि हम दिल खोलकर आपके स्वागत के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि मध्य प्रदेश उत्सव देखने के बाद सभी प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता का वास्तविक आनंद लेने के लिए जरूर मध्यप्रदेश आएंगे। उद्घाटन के बाद आवासीय आयुक्त मध्यप्रदेश भवन श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने बताया की तीन दिवसीय उत्सव का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश के बारे में दिल्ली एनसीआर के लोगों को प्रदेश के बारे में जानकारी देना, उसके खान-पान और संस्कृति से अवगत कराना है।

संसद हमले की बरसी

पूरा देश आज संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सुरक्षाकर्मियों और बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। वर्ष 2001 में आज ही के दिन संसद पर आतंकी हमला हुआ था। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री और संसद सदस्य आज संसद भवन परिसर में बलिदानी सुरक्षाकर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

लोक अदालत- मध्यप्रदेश

प्रदेश में सिविल, मोटर दुर्घटना, टैक्स, आदि के लंबित मामलों को आपसी समझौते से निपटाने के लिए लोक अदालत आयोजित की जाएगी। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के समन्वय में हो रही लोक अदालत के लिए जरूरी तैयारी कर ली गई है। इन्दौर के सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवराज सिंह गवली ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण हेतु सम्पूर्ण जिले कुल 85 खंडपीठ का गठन किया गया। सतना जिले में लोक अदालत में पूरे न्यायिक जिले के लिये 41 खण्डपीठो का गठन किया गया है। आगरमालवा जिला और तहसील न्यायालयों में 9 न्यायिक खंडपीठो का गठन किया गया है। मंडला, रायसेन, देवास समेत प्रदेश के अन्य जिलों में भी लोक अदालतों का आयोजन होगा।

राज्यपाल-मेला

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भेल दशहरा मैदान में भोजपाल उत्सव मेले का कल शाम को भ्रमण किया। राज्यपाल श्री पटेल ने भ्रमण के दौरान मेला परिसर में स्थापित दुकानों का अवलोकन किया। खाद्य पदार्थ, पुस्तक, सोलर उर्जा, हथकरघा और हस्तशिल्प की विभिन्न स्टॉलों पर जाकर क्रेता और विक्रेताओं से चर्चा की। उन्होंने भ्रमण के दौरान मेला क्षेत्र में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई शासन की जनहितकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर केन्द्रित प्रदर्शनी अभ्युदय मध्यप्रदेश का अवलोकन कर सराहना की।

मौसम

प्रदेश में ठंड का असर बना हुआ है। मौसम केंद्र, भोपाल के अनुसार, पिछले चौबीस घंटों के दौरान मौसम आमतौर पर शुष्क रहा; लेकिन इंदौर में शीतलहर का असर रहा। जबकि नरसिंहपुर जिले में शीतल दिन रहा। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान शहडोल में पांच डिग्री सेल्सियस, राजगढ़, पचमढ़ी और इंदौर में पांच दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान नर्मदापुरम में तीस दशमलव छह डिग्री और उज्जैन में उनतिस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र ने अगले चौबीस घंटे के दौरान भोपाल, सीहोर, राजगढ़ इंदौर और शाजापुर जिलों में शीतलहर चलने की चेतावनी दी है।

संक्षेप खबरें-

- सांसद खेल महोत्सव 2025 की शुरुआत आज सतना में दोपहर एक बजे जवाहर नगर स्थित दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में होगी।
- शिवपुरी में 'तानसेन संगीत 2025 समारोह“ उत्सव के 101 वर्ष के अवसर पर “पूर्वरंग संगीत समा“ का आयोजन आज टाउन हॉल में किया जाएगा।
- आगरमालवा में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत आधुनिक उपकरणों से स्वच्छता सुविधाओं की सफाई को अधिक प्रभावी बनाने हेतु कार्यशाला पंचायत सभागार में आयोजित की गई।
- कटनी में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा योजना के अंतर्गत 250 तीर्थ यात्रियों का जत्था कल रात साऊथ स्टेशन से श्री द्वारका जी के लिए रवाना हुआ।
- मंडला में भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार बैंकर्स एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अनक्लेम्ड मनी तथा अक्रियाशील खातों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

- ग्रामीण हाट बाजार ढक्कन वाला कुंआ इंदौर में श्रीअन्न (मिलेट्स) फूड फेस्टिवल एवं जैविक महोत्सव का शुभारंभ किया गया। यह महोत्सव 12 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक चलेगा।

- डिंडौरी कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिलेभर में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

-------